लड्डू गोपाल मेरा लड्डू

लड्डू गोपाल मेरा लड्डू गोपाल
छोटा सा है लला मेरा
करतब करे कमाल,

सबसे पहले मुझे जगाओ
फिर गंगा जल से नेहलाओ,
नई नई पोशाक बनाओ बदल
बदल कर के पहनाओ.

केसर चन्दन तिलक लगाओ
गल फूलो की माल,
लड्डू गोपाल मेरा लड्डू गोपाल
सिर पे मोर मुकत की पगड़ी

अमर बांध सोने की तगड़ी,
नए नए आभूषण लाओ
प्रेम भाव से मुझे सजाओ,
पैरो में पैजनियां बांधो

फिर देखो मेरी चाल,
लड्डू गोपाल मेरा लड्डू गोपाल
माखन मिश्री मुझे खिलाओ

केसर डाल के दूध पिलाओ,

पापु शर्मा भजन सुनाओ सब
मिल कर लाड़ लड़ाओ,
झूमो नाचो गाओ लेकर

हाथो में कड़ताल,
लड्डू गोपाल मेरा लड्डू गोपाल......

Source:
https://www.bharattemples.com/laddu-gopal-mera-laddu-gopal-chota-sa-hai-lalaa-mera-kartab-kare-kamaal/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw